प्रेषक,

मिशन निदेशक,

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन,

राजकीय आई0टी0आई0 परिसर, अलीगंज,

लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रशिक्षण प्रदाता,

(राजकीय / निजी / फ्लेक्सी),

उ0प्र0 कौशल विकास मिशन,

उत्तर प्रदेश।

पत्रांक– 431 /UPSDM/2018–19/IT-MIS/AEBAS/1076, दिनांक– 18 जून, 2021

विषय– उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित विभिन्न कौशल योजनाओं के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के आधार प्रमाणीकरण के सम्बन्ध पूर्व में प्रेषित किये गये पत्र संख्या– 1211/UPSDM/2018–19/IT-MIS/AEBAS/1076, दिनांक– 22 मार्च, 2021 एवं पत्र संख्या– 240/UPSDM/2018–19/IT-MIS/AEBAS/1076, दिनांक– 27 मई, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से समस्त संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों (RPL/STT) पर आधार ईनेबल्ड बायोमैट्रिक डिवाइस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जा चुके हैं।

उक्त के सन्दर्भ में पत्र संख्या– 385/UPSDM/2018–19/IT-MIS/AEBAS/1076, दिनांक– 10 जून , 2021 के माध्यम से Android/Window Application Installation में सहायता हेतु मेसर्स श्रीट्रॉन इण्डिया लिमिटेड के दूरभाष नम्बर को उपलब्ध कराया जा चुका है।

उपरोक्तानुसार समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया जाता है कि 30 जून, 2021 तक अपने समस्त संचालित केन्द्रों पर Android/Window Application Installation के साथ आधार ईनेबल्ड बायोमैट्रिक डिवाइस की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

इस सम्बन्ध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि कोविड प्रोटोकॉल के क्रम में प्रशिक्षण सत्रों के प्रारम्भ होने पर आधार ईनेबल्ड बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी, अन्यथा प्रशिक्षण सत्र के संचालन की अनुमन्यता प्रदान नहीं की जायेगी।

भवदीय

18/6/21

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक

पत्रांक– /UPSDM/2018–19/IT-MIS/AEBAS/1076, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. प्रबन्ध निदेशक, मेसर्स श्रीट्रॉन इण्डिया लिमिटेड, लखनऊ।
3. समस्त जिला समन्वयक, राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, लखनऊ।
5. प्रबन्धक–आई0टी0 प्रकोष्ठ, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, लखनऊ।
6. गार्ड फाइल।

(कुणाल सिल्कू)
मिशन निदेशक